आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 भानिवार** **दिनांक 27.09.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

1— प्रधानमंत्री ने आज ओड़िशा में आयोजित कार्यक्रम में आईआईटी भिलाई की फेस—टू परियोजना सहित, फोर—जी मोबाइल टावरों का शुभारंभ कर अमृत भारत एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी।

2— छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के पच्चीस वर्ष पूरे होने पर आज बिलासपुर में रजत जयंती समारोह का किया गया आयोजन।

3— बर्खास्त बीएड योग्यताधारी सहायक शिक्षकों को राहत देते हुए उच्च न्यायालय ने समायोजन के खिलाफ दायर याचिका को किया खारिज।

**और**

4— प्रधानमंत्री कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश—विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

..................

**प्रधानमंत्री–आईआईटी आधारशिला**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज ओड़िशा के झारसुगुड़ा में आयोजित कार्यक्रम में देश के आठ भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में विभिन्न अधोसंरचना विकास कार्यों का वर्चुअल शिलान्यास किया। इनमें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई की फेस–टू परियोजना भी शामिल हैं। वहीं, प्रधानमंत्री ने बीएसएनएल द्वारा स्थापित संतानवे हजार पांच से अधिक नए फोर–जी मोबाइल टावरों का भी शुभारंभ किया, जिनमें नवीनतम फोर–जी तकनीक वाले बयानवे हजार छह सौ टावर शामिल हैं। इस सुविधा से छत्तीसगढ़ के तीन लाख से अधिक उपभोक्ता लाभांवित होंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने गुजरात में सूरत के उधना और ओडिशा के बरहामपुर के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाई। यह ट्रेन छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों से होकर गुजरेगी।

इस मौके पर प्रधानमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जीएसटी सुधार लागू होने के बाद कर का बोझ काफी कम हो गया है, जिससे नागरिकों पर वित्तीय दबाव कम हुआ है।

प्रधानमंत्री के समारोह का सीधा प्रसारण नालंदा व्याख्यान कक्ष आईआईटी भिलाई परिसर में किया गया। इस अवसर पर राज्य के तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरू खुशवंत साहेब और अहिवारा के विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा मौजूद थे।

गौरतलब है कि केन्द्र सरकार ने इसी साल आईआईटी भिलाई के फेस–टू परियोजना के निर्माण के लिए दो हजार दो सौ संतावन करोड़ रूपए मंजूर किए थे, जिसमें से एक हजार बयानवे करोड़ रूपए परिसर निर्माण के लिए है।

**उच्च न्यायालय–रजत जयंती**

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के पच्चीस वर्ष पूरे होने पर आज बिलासपुर में रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू शामिल हुए। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि न्याय केवल सामर्थ्यवान लोगों के लिए ही उपलब्ध न हो,

बल्कि ग्रामीण, गरीब और आमजनों के लिए भी सर्वसुलभ न्याय उपलब्ध हो, तभी लोकतांत्रिक व्यवस्था में न्यायपालिका की भूमिका सार्थक बनेगी।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि अधोसंरचना और संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार कटिबद्ध है।

इस अवसर पर उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश जे.के. महेश्वरी ने कहा कि आमजनों का विश्वास प्राप्त करना न्यायापालिका का उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने न्याय व्यवस्था से जुड़े बेंच, बार और लॉयर को विजन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। न्यायमूर्ति महेश्वरी ने कहा कि सभी समेकित विजन बनाएं, ताकि न्यायपालिका अपने जनकल्याण के अंतिम उद्देश्य तक पहुंच सके।

समारोह को केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने भी संबोधित किया।

## स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार

स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार अभियान के तहत प्रदेश में मातृत्व सुरक्षा को लेकर विशेष स्वास्थ्य सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। पिछले दो दिनों में प्रदेश के आठ सौ तैंतालीस शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में आयोजित स्वास्थ्य सत्रों में चालीस हजार से अधिक गर्भवती महिलाओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान उन्हें निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, परामर्श और उपचार की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई।

## जीएसटी–बचत उत्सव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल जीएसटी बचत उत्सव के बीच राजधानी रायपुर के देवपुरी स्थित ट्रैक्टर शो–रूम पहुंचे, जहां उन्होंने किसान से संवाद कर जीएसटी कटौती पर उनकी राय जानी और खरीदी में हुई बचत की जानकारी ली। इस अवसर पर श्री साय ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा लागू जीएसटी में किए गए

सुधार से आम जनता, किसानों और उपभोक्ताओं को राहत मिली है। कृषि यंत्रों की कीमतों में कमी आने से किसानों को इसका सीधा लाभ मिल रहा है।

## हाईकोर्ट–बीएड डिग्रीधारी

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने बर्खास्त बीएड योग्यताधारी सहायक शिक्षकों को राहत देते हुए समायोजन के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया है। राज्य सरकार ने इन शिक्षकों को सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला के पद पर समायोजित करने का निर्णय लिया है। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति रविन्द्र कुमार अग्रवाल की सिंगल बेंच ने कहा कि राज्य सरकार का फैसला गैर कानूनी या मनमाना नहीं है। गौरतलब है कि राज्य मंत्रिमंडल ने समायोजन को लेकर इसी साल अप्रैल में निर्णय लिया था, जिसे चुनौती दी गई थी।

## सेवा पर्व

सेवा और सुशासन, अर्थात् जनसेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला – 'सेवा पर्व' में, हम आपके लिए ला रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार ने 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' पहल के माध्यम से विविधता में एकता की भावना को मजबूत किया है, संस्कृतियों, परंपराओं और लोगों के बीच संबंधों को जोड़ा है।

### कैप्सूल

हमारे देश में सैकड़ों बोलियां हैं तो कई भाषाएं.....हर इलाके का अलग पहनावा और अलग खान–पान है. ..इसके बावजूद कुछ है..जो हमें एक धागे में बांधता है...इसी भावना को मजबूत करने के लिए साल 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संदेश दिया था..एक भारत श्रेष्ठ भारत...

सदियों से हमारी संस्कृति, हमारी परंपराएं..पूरे देश को बांधे हुए हैं... स्थानीय उत्पाद अपनी माटी की सोंधी गमक को ना सिर्फ समेटे हुए हैं..बल्कि एक राज्य से दूसरे राज्य को जोड़ने का माध्यम भी हैं३ प्रधानमंत्री ने अक्सर लोगों से अपील की है कि उन्हें वे अपनाएं.....

एक भारत श्रेष्ठ भारत...ये प्रधानमंत्री मोदी की ऐसी पहल है...जिससे एक राज्य के लोग दूसरे राज्य की संस्कृति और लोक परंपराओं को ना सिर्फ नजदीक से देख रहे हैं.....बल्कि वहां के लोगों से आत्मीय रिश्ता भी बना रहे हैं।

समाचार, डेस्क, आकाशवाणी, रायपुर

## ओलंपिक एसोसिएशन–बैठक

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन वार्षिक आमसभा की बैठक में शामिल हुए। इस मौके पर श्री साय ने छत्तीसगढ़ से ओलंपिक में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को इक्कीस लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि बंद हुए खेल अलंकरण समारोह को फिर से शुरू किया जाएगा।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 126वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर

प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। आकाशवाणी हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

**धान खरीदी–सत्यापन**

राज्य सरकार ने इस साल धान खरीदी से पहले फसल प्रविष्टियों की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए त्रिस्तरीय सत्यापन प्रक्रिया लागू की है। इसी कड़ी में कल बलरामपुर–रामानुजगंज जिला मुख्यालय में डिजिटल फसल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि एग्रीस्टेक पोर्टल और भुईयां सॉफ्टवेयर में दर्ज प्रविष्टियों का पांच प्रतिशत रैंडम सत्यापन मोबाइल पीवी ऐप के माध्यम से किया जाएगा। यह कार्य तीन चरणों में होगा। इस मौके पर कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी के लिए इस बार गिरदावरी का कार्य पूरी तरह ऑनलाइन किया जाएगा, जहां ऑनलाइन सर्वे संभव नहीं है, वहां ऑफलाइन सर्वे कर जानकारी को भुईंया ऐप में अद्यतन किया जाएगा।

**दुर्घटना**

राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ क्षेत्र में आज सुबह एक मालवाहक वाहन की टक्कर से बाईक सवार दो युवकों की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मोटर साइकिल सवार युवक डोंगरगढ़ से भिलाई लौट रहे थे, इसी दौरान मुंदगांव के पास एक तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

**<u>मौसम</u>**

प्रदेश में कल एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एक अवदाब दक्षिण तटीय ओडिशा के ऊपर स्थित है। इसके प्रभाव से एक अक्टूबर से वर्षा की गतिविधियों में वृद्धि होने की संभावना है। मौसम विभाग ने कल प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छीटें पड़ने की संभावना जताई है।

**<u>समाचार संक्षेप में ...</u>**

– स्कूल शिक्षा विभाग में बड़े पैमाने पर तबादला किया गया है। इनमेंअधिकारियों और कर्मचारियों को प्रतिनियुक्ति पर और प्रतिनियुक्ति से वापस लेते हुए नये पदस्थापना आदेश जारी किए गए हैं।

– राज्य न्याय अकादमी बिलासपुर के सभागार में कल नव–नियुक्त सिविल जज के लिए आयोजित प्रारंभिक प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा शामिल हुए।

और

– लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा व्याख्याता पद पर पदोन्नति के लिए ऑनलाइन ओपन काउंसलिंग के दूसरे दिन चार सौ चौव्वन अभ्यर्थी शामिल हुए। कल काउंसलिंग का अंतिम दिन है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>